# आये अवध में रघुराई सब बांटो बधाई

आये अवध में रघुराई,
सब बांटो बधाई।bd।

तर्ज – भक्तों को दर्शन।

---

ढ़ोल नगाड़े अवध में बाजे,
सीता संग में राम बिराजे,
भगवा चदरिया लहराई,
सब बांटो बधाई,
आए अवध में रघुराई,
सब बांटो बधाई।bd।

---

चमक रहे हैं चांद सितारे,
जागे रे अहो भाग हमारे,
कैसी पावन घड़ी आई,
सब बांटो बधाई,
आए अवध में रघुराई,
सब बांटो बधाई।bd।

---

मंगल गाओ दीप जलाओ,
रामलला के 'योगी' दर्शन पाओ,
छाई बसंती पुरवाई,
सब बांटो बधाई,
आए अवध में रघुराई,
सब बांटो बधाई।bd।

---

आये अवध में रघुराई,
सब बांटो बधाई।bd।

**Singer – Namrata Karwa**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com